شری پنچانگ

श्रीमहासभामहामण्डल कश्मीर (रजि०)

$\frac{\text{سہاب جی}}{1}$ - $\frac{\text{مہاراج کرشن}}{1}$ - $\frac{\text{موتی لال}}{1}$

$\frac{\text{کھوشن لال}}{1}$ - $\frac{\text{سشیلہ}}{1}$ - $\frac{\text{کاکا جی}}{1}$

5 + 3 = 8

$\frac{\text{گھوڑی}}{501}$

श्रीपञ्चाग

सप्तर्षि संवत् ५०६२
विक्रमी संवत् २०४३

ईस्वी संवत् १९८६-८७
शाका १९०८



संयोजक :
डाक्टर बदरीनाथ कल्ला
शास्त्री
एम.ए.एम.ओ.एल.बी.एड.
मन्त्री विद्वत परिषद,

गणितकर्ता :
श्री ओंकारनाथ
ज्यो० विशारद
श्रीनगर, काश्मीर

सम्पादक तथा प्रकाशक :
ब्राह्मण महामण्डल काश्मीर श्रीनगर
रजि. नं० ११५

—। आय व्यय चक्र :—

काश्मीर के गणितानुसार लाभ तथा खर्च (व्यय) का चक्र

(विक्रमी २०४२— ईस्वी १९८६-८७ के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथु.	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धनु	मकर	कुंभ	मीन
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	२	१४	८	८	१४
व्यय	५	११	११	५	२	११	११	५	८	११	११	८
पुंधा.चं	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
घा. बार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घा. नक्षत्र	मं	ह	स्वा	ऽनू	मू	शत	शत	रे	भर	रो	आर्द्रा	आश्ले
स्त्री धात चं	१	८	७	९	४	३	६	२	१०	११	५	१२

—लाभ व्यय का तरीका अगले पृष्ठ पर पढ़ें—

आय व्यय देखने का तरीका

लाभ और व्यय के अंकों को इकट्ठा करके एक कम करें। शेष को आठ पर भाग देवें। यदि एक शेष रहे तो सुख शान्ति एवं व्यापार में उन्नति मिले। यदि २ बचे तो मनोकामना पूर्ण तथा सवारी का सुख मिले। यदि ३ बचे तो धन का लाभ और हानि बराबर रहे। चिन्ता भीं रहे। शरीर में रोग और गुप्त रूप से शत्रुओं का भय रहे। यदि ४ रहे तो स्थान परिवर्तन, घरेलू चिन्ता, धन का व्यय, मान हानि और शरीर कष्ट भी रहे। ५ बचें तो कारोबार में अचानक रुकावट, संतानों की चिन्ता, शत्रु भय और वर्ष का प्रथम भाग हानिकारक रहे। ६ बचें तो भूमि एवं जायदाद का लाभ, राजदरवार में मान, धन का लाभ तथा संबंन्धियों की ओर से प्रसन्नता मिले। यदि ७ बचे तो कारोबार एवं व्यवसाय में वृद्धि, स्त्री पक्ष से शुभ, नवीन योजना बने। मित्रों का उदय और शत्रुनाश हो। अगर शून्य हो तो यह वर्ष आपत्तियों एवं झगड़ों का वर्षं होगा। वर्षं में दौड़-धूप करनी पड़ेगी। धन का अपव्यय रहेगा। मन में चंचलता तथा चोरों का भय रहेगा। जिन राशि वालों को वर्ष मध्यम रहता हो उन्हें नियमपूर्वक भगवती इन्द्राक्षी का पाठ करना चाहिए तथा शुक्लपक्ष की अष्टमी को व्रत रखना चाहिए और मंगलवार के दिन वैष्णव रहना आवश्यक है।

व्रत, पर्व, त्योहार आदि विषय एक दृष्टि में, सं. २०४३, ई. १९८६-८७

९ अप्रैल थालबरून, श्री भट्टदिवस
१० ,, श्री नवदुर्गारंभ, नववर्ष भी
१३ ,, वैसाखी
१४ ,, संक्रान्ति व्रत
१५ ,, कुमार ६ व्रत
१७ ,, श्री राम नवमी
२२ ,, महावीर जयन्ती
२४ ,, संकट ४
२८ ,, अगस्त अस्त श्री पंचमी मंगलेश्वर भैरव जयन्ती।
२९ ,, बेताल ६. ऋषि पीर श्राद्ध
३ मई लक्षमी नारायण यज्ञ
५ मई स्वामी लक्ष्मणजी जन्म दिवस
८ ,, वल्लभाचार्य जन्म
११ ,, परशुराम जयन्ती, रोज़ा आरंभ
१४ ,, कुमार ६
१५ ,, संक्रांति व्रत

२० मई नारद ११, माधवी ११
२२ ,, गणेश १४
२३ ,, बुध पूर्णिमा
२४ ,, नारद जयन्ती
२६ ,, संकट ४
३१ ,, शीतला ७
३ जून रथा ११, भद्रकाली जयंती
५ ,, शबेकदर
६ ,, ब्रह्मयज्ञ जयन्ती
७ ,, वट सावित्री व्रत
१० ,, ईदुल्लफितर
१३ ,, कुमार ६
१५ ,, संक्रांति व्रत
१५ ,, ज्येष्ठ अष्टमी क्षीरभवानी यात्रा
१७ ,, गंगा ७
२१ ,, दक्षिणायण में सूर्य

२२ जून माता रूप भवानी जयंति
२३ ,, गुरु गोविन्द जन्म
२५ ,, संकट ४
२ जुलाई योगिनी ११
७ जुलाई सोमा अमावसी
१२ जुलाई कुमार ६ और स्वामी स्वयंआनन्द जन्म
१५ जुलाई आषाढ़ अष्टमी और नवमी
१८ जुलाई हरिस्वाप, भगवान गोपीनाथ जयंती
२० जुलाई ज्वाला १४ रिव्रव यात्रा
२१ जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा
२४ जुलाई संकट ४
१ अग. कमला ११
५ अग. हरियाली अमावस
९ अग. वरद गणेश ४

१० अग. नाग पंचमी
११ अग. कुमार ६
१२ अग. बुधाष्टमी
१६ अग. श्रावण १२, शुप्यण यात्रा
१७ अग. संक्रान्ति व्रत सिंगह.
ईद जुहा (बकरीईद)
१९ अग. रक्षाबन्धन,अमरनाथ दर्शन,
गायत्री जयं.
२२ अग. कूर्म तृतीया
२३ अग. संकट ४, नवदल यात्रा
२५ अग. चंदन षष्ठी व्रत
२७ अग. जन्माष्टमी एक
४ सितं. कुषा अमावसी
७ ,, हरतालिका ३
८ ,, विनायक ४
९ ,, कुमार ६
११ ,, गंगा ८ यज्ञ उमा भगवती
१४ ,, नारायणी११गौतम नागयात्रा

१५ सितं. वामन १२
१७ ,, संक्रान्ति व्रत और
अनन्त १४
१८ ,, पितृ पक्षारम्भ
२१ ,, संकट ४
२५ ,, साहिब ७
२९ ,, ऐन्द्रा ११
२ अक्तू. गान्धी जयन्ती
३ ,, पितृ अमावसी
४ ,, श्री नवदुर्गा आरम्भ
८ ,, कुमार ६
११ ,, दुर्गा अष्टमी, महा ९
१२ ,, विजय दशमी
१७ ,, शरद पूर्णिमा, चन्द्र ग्रहण
१८ ,, संक्रान्ति व्रत
२० ,, कर्वा ४, संकट ४
२६ ,, शुक्र अस्त

१ नवं. दीपावली, हनुमान जयंती,
कमला जयंती
३ ,, अन्न कूट गोवर्धन पूजा,
भाई दूज
५ ,, शुक्र उदय
७ ,, कुमार ६
९ ,, गोपाल ८
१६ ,, संक्रांति व्रत,कार्तिक पूर्णिमा
गुरुनानक जन्म दिवस
२० ,, संकट ४
२३ ,, सूर्य ७
२४ ,, महाकाल भैरव ८
२७ ,, उत्पन्ना ११
१ दिसं. सोमा अमावसी
६ ,, कुमार ६
८ ,, भैरवी ८
११ ,, मोक्षदा ११, गीता जयंती
१६ ,, संक्रान्ति सिंगह

१७ दिसं. मातृका पूजन
२० ,, संकट ४
२१ ,, उत्तरायण में सूर्य
२२ ,, वेताल ६
२४ ,, महाकाली जन्म
२६ ,, आनन्देश्वर भैरव जन्म
३० ,, यज्ञा अमावसी
५ जन. कुमार ६
६ ,, गुरु गोविन्द जन्म
७ ,, बुधा ८
१४ ,, संक्रान्ति व्रत, शिशर संक्रां.
१८ ,, संकट ४
२१ ,, साहिब ७

२८ जन. शिव १४ माघ की
३० ,, गान्धी अन्तर्ध्यान दिवस
१ फर्व. गौरी ३
२ ,, त्रिपुरा ४
३ ,, वसन्त ५ कुमार ६
६ ,, भीष्म ८
९ ,, भीम सेन ११
१२ ,, यक्षणी १४
१३ ,, संक्रान्ति व्रत, माघ पूर्णिमा
१७ ,, संकट ४
२१ ,, होरा ८ चक्रेश्वर यात्रा
२४ ,, विजया १२

२५ फर्व. शिवरात्रि
२६ ,, शिव १४
५ मार्च कुमार ६
७ ,, तँला अष्टमी
८ ,, होला ८
१२ ,, ब्रह्म स्वाप
१४ ,, मासान्त और थाल बरून
१५ ,, संक्रान्ति व्रत, सोंथ, होली, गुरु अस्त
१८ ,, संकट ४
२१ ,, नवरोज़
२३ ,, शीतला ७

—: इति शुभम् :—



ज्योतिष शास्त्र के आधार पर संवत् २०४३ विक्रमी में आकाशी कौंसिल का संसार पर प्रभाव

सर्वशक्तिमात्री भगवती महामाया की कृपा याचना कर ज्योतिष शास्त्र के आधार पर विक्रमी संवत् 2043 में ग्रह परिषद् का संसार पर प्रभाव उस प्रकार व्यक्ति किया जाता है।

इस वर्ष ग्रह-परिषद् के निर्माण में प्रधान पद बुद्ध देवता को और मन्त्री सूर्य को तथा रक्षा मन्त्री का पद भी सूर्य को प्राप्त हुआ है। परिषद् के दस अधिकारों में पांच अधिकार शुभ ग्रहों को और पांच अधिकार क्रूर ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। जगत लग्न मकर राशि का है। लग्न का स्वामी शनि मंगल के घर मे ग्यारवें भाव में पड़ा है

जबकि स्वयं मंगल बारहवें घर में बुद्ध और सातवें घर को देख रहा है। वर्ष के मध्य भाग में शनि और मंगल वक्री हो रहे हैं। वर्ष लग्न कर्मचक्र तथा ग्रहों के वेद्य एवं परस्पर युति होने के कारण यह ज्ञात होता है कि इस वर्ष भी विश्व रंग-मंच का वातावरण विक्षुब्ध एवं तनाव पूर्ण रहेगा। वर्षा तथा गर्मी क्रमशः अधिक होगी। भ्रष्टाचार तथा तस्करी में प्रायः लोग प्रवृत होंगे। बारहवां मंगल होने के कारण बड़ी शक्तियां शान्ति सन्धि करने के उपरान्त भी हथियारों की दौड़ जारी रखेंगे। दक्षिणी एशिया के कई राष्ट्रों जैसे भारत पाकिस्तान चीन आदि के भी एटमी हथियारों की दौड़ में सम्मिलित होने की संभावना है। वर्ष के मध्य भाग में गुरू वक्री हो रहा है और शनि भी वृश्चिक राशी के अग्रिम अंश को छोड़ कर अति वक्री के रूप में आता है जिससे नक्षत्र वैद्य आरम्भ हो रहा है। इस कारण अमेरिका, चीन, कम्पूचिया, ईरान, ईराक, लेबनान तथा पाकिस्तान का आन्तरिक वातावरण कुछ खराब रहेगा। दक्षिणी अफ्रीका में काले और गोरे रंगभेद की नीति के विरुद्ध विश्व में नाराजगी पैदा होगी। चीन, पाक, बर्मा तथा भारत आदि देशों में बाढ़ की स्थति पैदा होने की सम्भावना है तथा खेती बाड़ी को हानि का भय है। भारत, पाक की सीमाओं पर तनाव का योग रहेगा। जैसे कहा है :

"अनुरधां गतः सौरि ज्येष्टयां परिवर्तते ।
परिश्रमे दारूणो घोरः संहारस्यत्र जायने ॥

अतः जनवरी, १९८७ से फरवरी, १९८७ तक शुक्र और शनि की आपसी युति भेद होने से संसार में युद्ध के काले बादल छा जायेंगे। परन्तु तृतीय विश्व युद्ध नहीं होगा अपितु दुर्भिक्ष, जमीन का फटना भूकम्प, प्रकृति प्रकोप, कई प्रमुख नेताओं का निधन, महामारी जैसी दुर्घटनायें एशिया तथा यूरोप में पैदा होंगे। रेल-वायुयान एवं अग्नि प्रकोप से लोगों की हानि होगी। शनि अनुरधा नक्षत्र पर वक्री हो रहा है और कर्मचक्र में पश्चिम की ओर देख रहा है अतः संसार के पश्चिमी देशों में महामारी तथा आकस्मिक दुर्घटनाओं से भारी क्षति होने की

सम्भावना है। मिडल ईस्ट के छोटे बड़े राष्ट्र आपसी झगड़ों में उलझ कर रह जायेंगे। विश्व के विभिन्न भागों में उलझ कर रह जायेंगे। विश्व के विभिन्न भागों में जाति भेद रंग नसल के झगड़े पैदा होंगे। इस वर्ष वर्षा भगवती कायालिनी और संवत्सर का वाहन दोला होने के कारण जीव जन्तुओं की हानि रक्तपात धर्म सम्बन्धी संप्रदायक झगड़े संसार के प्रधान राष्ट्रों में राज्यनैतिक तनाव, सूखा तथा चोरी की वृद्धि होगी। इसका अधिकतर प्रभाव तिब्त, नेपाल, पाकिस्तान, लंका, भूटान, ईरान एवं अरब देशों में विशेष रूप से होने की सम्भावना है। प्रचण्ड वायु विनाशकारी चक्रवात तथा आकाशी उत्पातों से जन-धन हानि का भी योग बनता है।

भारतवर्ष :

ग्रह-संचार के अनुसार वर्ष का राष्ट्रपति वृहस्पति तथा प्रधान मन्त्री और रक्षा मन्त्री सूर्य होने के कारण इस वर्ष भारत का मस्तक ऊंचा रहेगा। भूमि खेती बाड़ी मज़दूर वर्ग तथा खानों और खनिज पदार्थों एवं उत्पादन के लिए यह वर्ष उत्तम फल दायक है। वर्ष लग्न का स्वामी बुद्ध सूर्य के साथ है जो मुंथा का स्वामी भी है, शनि छटे घर में मंगल से पीड़ित है। वर्षा का कुल बल ५०% के ऊपर से आया है। अतः भारतवर्ष आर्थिक पक्ष में कुछ कमज़ोर ही रहेगा। सरकार को महंगाई बेरोज़गारी सांप्रदायक तोड़ फोड़ की घटनाओं का सामना करना पड़ेगा। पंजाब, जम्मू काश्मीर, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली जैसे प्रदेशों से सरकार को विशेष चिन्ताग्रस्त होना पड़ेगा। पंजाब में जून, १९८६ से लेकर नवम्बर, १९८६ तक का समय कुछ अशान्त बना रहेगा। आंधी तूफान भारी वर्षा के कारण फसलों की हानि तथा बाढ़ आदि से जन धन की हानि होने की सम्भावना है किन्तु व्यापारिक दृष्टि कोण से यह वर्ष उत्तम फलदायक है। चतुर्थ शुक्र होने के कारण विदेशी नीति में सुधार आयेगा। राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा में इस वर्ष अधिक गर्मी तथा पीने के पानी की समस्या और सूखा पड़ने से जनता पीड़ित रहेगी। इन राज्यों के प्रमुख नेताओं में शारीरिक कष्ट की आशंका बनी रहेगी। केन्द्र में चन्द्रमा के साथ मंगल

होने के कारण कम्पयूटर तथा अन्य उपयोगी यन्त्रों का विकास होगा। शिक्षा में परिवर्तन तथा विज्ञान आदि क्षेत्रों में नई टैकनीकी विधियों का उपयोग होगा। भारती कलाओं के प्रति अधिक ध्यान दिया जायेगा और धन का व्यय किया जायेगा। बर्ष के मध्य काल में किसी प्रमुख राज्यनीतिज्ञ अथवा विद्वान् के मृत्यु का योग भी बनता है।

प्रधान मन्त्री श्री राजीव गांधी का भविष्य उज्जवल रहेगा। अपने कुशल नेतृत्व के कारण आप भारत की उलझी गुथियों को सुलझाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में भी आप लोकप्रिय होंगे। शपथकालीन कुण्डली के ग्रहों के आधार पर आप अपना पूरा कार्यकाल सफलतापूर्वक निभायेंगे। देश में भ्रष्टाचार को कम करने तथा इसे प्रगृति के मार्ग पर अग्रसर करने में आप सफल रहेंगे। क्योंकि स्व राशि का गुरू बलवान् होकर लग्न में पड़ा है। चन्द्रमा उच्चाभिलाषी हैं। आप आतंवाद, उग्रवाद को समाप्त करने में भरसक प्रयत्न करेंगे। सम्भव है कि बर्ष के अगले छः मास में आप अपने मन्त्रिमण्डल में कुछ विशेष परिवर्तन लायेंगे। इस वर्ष गुटनिरपेक्ष देशों के संगठन के प्रति भारत का विशेष योगदान रहेगा। फ्रांस, जापान, नाइजीर्या, अर्जनटाईना, मैकसिको, आदि देशों के साथ भारत के अच्छे सम्बन्ध रहेंगे। पाकिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश तथा चीन के साथ कुछ समस्याएं विवादास्पद होते हुए भी परस्पर सम्बन्धों में सुधार होगा।

वर्ष का राजा ब्रहस्पति होने के कारण अनाज, फल, गन्ना, तेल, चाय, कपड़ा, दूध, घी तथा अन्य पीले रंग की पदार्थों कीं उपज अच्छी रहेगी और व्यापार भी उत्तम रहेगा परन्तु सूर्य के मन्त्री होने के कारण जनता प्रायः रोग पीड़ित रहेगी। गर्मी मामूल से अधिक पड़ेगी और वर्षा भी अधिक होगी। जन साधारण वस्तुओं में महंगाई रहेगी।

काश्मीर :



काश्मीर के गोचर चक्र में लग्न का स्वामी चन्द्रमा सातवें घर में शनि के साथ मंगल की युक्ति हैं। केन्द्र में गुरू शनि के स्थान में ठहरा हुआ है। संवत्सर का नाम और वर्षा भगवती कापालिना तथा संवत्सर का वाहन झूला एवं वसंत का वाहन शेर होने के कारण यहां की वर्तमान सरकार को अनेक कठिनाइयों का सामना करना होगा। वर्ष का पूर्वार्द्ध कुछ अशान्तरूप से गुज़रेगा। तोड़-फोड़ एवं हिंसक घटनाओं से लोगों के मन कुछ अशान्त रहेंगे। मुख्यमन्त्री का स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। शासक वर्ग के अधिकारियों में आपसी खींचातानी रहेगी और संभव है कि वर्ष के मध्य में शनि मंगल तथा शुक्र के अस्त के प्रभाव से काश्मीर की आन्तरिक स्थिति में कुछ सुधार आयेगा और कोई गम्भीर स्थिति पैदा न होगी अपितु गुरू के प्रभाव से अगस्त तक पूर्ण शान्ति प्राप्त होगी।

पाकिस्तानी गुप्तचर काश्मीर में प्रवेश करके यहां के वातावरण को खराब करने में तत्पर रहेंगे परन्तु मीन में उच्चस्थ शुक्र के प्रभाव से वे विफल हो जायेंगे। यह गति विधियां अप्रैल से अगस्त तक अधिक रहेंगी और

राष्ट्र विरोधी गतिविधियां, सीमा अतिक्रमण, तस्करी तथा सम्प्रदायक तनाव आदि की आशंकायें बनी रहेंगी जिसका दमन केन्द्र के हस्तक्षेप से होगा। इसके साथ ही चीन एवं पाकिस्तान इस प्रदेश के कुछ भागों पर अधिकार जमाने का प्रयत्न करेंगे जो केन्द्र के कुशल राजनीनि के प्रभाव से असफल होंगे। वर्ष के पूर्वार्द्ध में यहां के मन्त्रिमण्डल में विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना है एवं राजनीतिक क्षेत्रों में क्रान्तिकारी योग भी मिलते हैं। विपक्षी गुट के नेता केन्द्र के साथ अपना प्रभाव जमाने में प्रयत्न शील रहेंगे।

रक्षामन्त्री सूर्य होने के कारण यहां के सरकार तथा जनता को इस वर्ष अनेक कठिनाईयों का सामना होगा। वादी के पश्चिमी तथा उत्तरी भागों में कहीं अतिवृष्ट कहीं अनावृष्टि के योग बनते हैं जिससे जन साधारण को कुछ हानि उठाने की सम्भावना है। दसवें घर में गुरू होने के कारण यहां की शिक्षा प्रणाली में सुधार तथा यात्रियों को अच्छी प्रकार की सुविधा मिलेगी परन्तु जनता में संतोष कम रहेगा। मज़दूर चिन्तित रहेंगे।

बारहवें घर में राहू होने के कारण कृषक वर्ग को प्रायः चिन्ता बनी रहेगी परन्तु धान की उपज संतोषजनक होगी। जनसाधारण वायु रोग पेट तथा अमाशय की पीड़ा से कष्ट उठायेंगे। इस वर्ष वर्षा का वाहन झूला होने के कारण और यूनानी मत से बकरी होने के कारण आकाशी दुर्घनायें, भूकम्प, चक्रवात तथा असामयिक वर्षा होने से कई कठिनाइयों के होने की संभावना है क्योंकि कहा है—

यस्याब्दे वाहनं दोला हा हा भूता च मेदिनी।
दुर्भिक्षं सर्व देशेषु संग्रामं खण्ड खण्डयो॥

फलों का स्वामी शनि एवं मेघ का स्वामी भी शनि होने के कारण यहां की जनता रसीले पदार्थों से कम लाभ उठायेगी। जौ, चना, चावल एवं धान का उत्पादन अच्छा होगा। वर्षा की कमी के कारण तृण, घास

शाकम्बरी की उपज सामान्य होगी । आषाढ़ नवमी मंगलवार होने के कारण किसानों को हर प्रकार की राज्यकीय सुविधा सिंचाई के कार्यों में प्रगति तथा विविध वस्तुओं के संग्रह में प्राप्त होगी । कच्चे पदार्थ मूंग, मक्की राजमाश की उपज संतोष जनक होगी । सेब, बदाम, आढ़ू, आदि फल की उपज मध्यम रहेगी । वर्ष के मध्य में किसी विख्यात व्यक्ति का निधन होगा ।

अन्त में जगत् अम्बा महामाया से प्रार्थना है—

स्वहित प्रजाभ्य: परिपालयन्तां व्यायेन मार्गेण मही महीपाः
गो ब्राह्मणेभ्यो शुभमस्तु नित्यं लोका समस्ता सुखिनो भवन्तु ॥

ग्रहण निर्णय वर्ष १९८६-८७

संवत् २०४३ तदानुसार १९८६-८७ में पृथ्वी पर कुल दो चन्द्र ग्रहण तथा दो सूर्य ग्रहण होंगे, परन्तु भारत वर्ष तथा कश्मीर में केवल दो चन्द्र ग्रहण ही दिखाई देंगे।

१. खग्रास चन्द्र ग्रहण २४ अप्रैल, १९८६ ब्रहस्पति वार।

२. खग्रास सूर्य ग्रहण ३ अक्तूबर, १९८६ शुक्रवार।

३. खग्रास चन्द्र ग्रहण २२ अक्तूबर, १९८६ शुक्रवार।

४. खण्ड ग्रास सूर्य ग्रहण २९ मार्च, १९८७ रविवार।

इनमें खग्रास सूर्य ग्रहण तथा खण्ड ग्रहण सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगें अत: इन ग्रहणों का भारत वर्ष पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

खग्रास चन्द्र ग्रहण—चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णमाशी ब्रहस्पति बार तदानुसार २४ अप्रैल, १९८६ भारत में ग्रहण उदय दिखाई देगा यह ग्रहण शाम ४-३३ पर आरम्भ होकर रात को ७-५६ मिनट पर समाप्त होगा। इस का पर्व काल ३ घण्टे २३ मिनट होगा और स्वाति नक्षत्र पर आरम्भ होता है। यह ग्रहण स्वाति नक्षत्र तथा कर्क, वृश्चिक और मीन राशी वालों के लिए अशुभ फलदायक हैं वृ० मि० कन्या और कुम्भ राशी वालों के लिये मध्यम फलदायक हैं।

खग्ग्राम् चन्द्र ग्रहण—यह गृहण १७/१८ अक्तूबर, १९८६ तदानुसार असूज़ पूर्णमाशी शुक्रवार को रात के १२-२ मि० पर आरम्भ होकर २-३८ मिनट रात को समाप्त होगा यह ग्रहण रेवती और अश्वनी नक्षत्र अर्थात् मीन तथा मेश राशी में लगता है। अतः इन राशी वालों के लिये विषेशकर अशुभ फलदायक रहेगा। यह ग्रहण भारतवर्ष के अतिरिक्त नैपाल, बंगला देश, लंका, पाकिस्तान तथा बर्मा आदि देशों में भी दिखाई देगा। इस ग्रहण का सूतक १७ अक्तूबर शुक्रवार को दिन के २ बज कर ५ मिनट से आरम्भ होगा यह ग्रहण मीन, मेष, कर्क तथा कन्या राशी वालों के लिये अशुभ फलदायक होगा। शेष राशी वालों के लिए शुभ फलदायक है।

उपरोक्त दो चन्द्र ग्रहणों का संसार पर प्रभाव—सोना, तांबा, पीतल, जस्त, लोहा, और चांदी का भाव तेज रहेगा गेहू माश, घी, तेल, काली मिर्च के भाव भी तेज रहेंगे। संसार के कई स्थानों पर आकाशी घटनायें बाढ़, भूकम्प और तूफान की दुर्घटनायें होंगी। दो सूर्य ग्रहणों का प्रभाव अमेरिका के कई प्रदेशों पर पड़ेगा जिसके कारण सैनिक विद्रोह, अग्निकाण्ड, तथा अन्य हिंसक घटनायें होने की सम्भावना है।

बारह राशियों का वार्षिक तथा मासिक फलसं० 2043

मेष राशि

मेष राशि वालों को इस वर्ष लग्न में शुक्र चन्द्रमा तथा राहू और लग्न का स्वामी मंगल त्रिकोण में है ग्यारवें घर में गुरु केन्द्र को देख रहा है । शनि वृश्चक राशि का आठवें घर में बैठा हुआ है, जोकि दरबार और दूसरे घर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है । अतः मेश राशी वालों को इस वर्ष के मध्य में गुरु और शनि वक्री हो रहे हैं जो एक बुरा योग बनता है । ग्रहों की युति भेद और कुछ योग होने से मेश राशि वालों को यह वर्ष मध्यम फल दायक होगा । शनि की ढाइया भी चल रही है इस कारण स्त्री पक्ष और बच्चों की ओर से कुछ चिंता बनी रहेगी । वर्ष के आखिर में धन का व्यर्थ व्यय होगा कि सम्बन्धी के प्रति चिंता और शत्रु भय भी बना रहेगा । यद्यपि बृहस्पति ग्यारवें घर में है फिर भी कुछ दुःख सुख योग बना रहता है । मित्रों से बिगाड़ और व्यवसाय में असंतोष रहेगा । सातवें घर में केतु होने से मित्र वर्ग नाराज़, स्त्री को कमर दर्द और चोट का भय रहेगा । स्त्री वर्ग के लिये प्रायः यह वर्ष कम फलदायक होगा । वह खून की बीमारी से ग्रस्त होगी । विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष लाभ प्रद रहेगा । अगस्त के बाद मेष राशी वालों को धन लाभ और रोज़गार में वृद्धि होगी तथा परिवार में सुख शांति बनी रहेगी, शुभ कामों में धन लगेगा । इस राशि वालों को शनिवार के दिन भगवान शंकर पर जल चढ़ाना चाहिये और हनुमान जी की पूजा करनी चाहिये ।

मासिक फल

अप्रैल—इस मास के पहिले पक्ष में धन का व्यर्थ व्यय। किसी संबन्धी की चिंता और आखिर में घर कार्यों में प्रसन्नता, शुभ कार्यों में धन का व्यय, यात्रा से लाभ, मान बढ़ेगा। कारोबार में नई योजना। शरीर में कुछ गरमी। 17, 18, 19, 26 तथा 27 तिथि खराब।

मई—इस मास में धन का लाभ। सवारी का सुख, भाग्य उदय, घरेलू समस्याओं में सुधार, मित्रों और सम्बन्धियों से प्रसन्नता। मास के मध्य में कुछ चिंता और यात्रा से मन परेशान, चोट का भय, स्वास्थ्य ढीला रहेगा।

जून—राज्य दरबार में सुख, बिगड़ा काम बनेगा, शुभ कार्यों में धन व्यय, भाग्य चमकेगा, यात्रा से लाभ परन्तु स्वास्थ्य ढीला रहेगा। 2, 10, 11, 12, 13, 19, 20 तारीख खराब।

जुलाई—इस मास मध्यम फल रहेगा, कारोबार में कुछ रुकावट और मन में चिंता, घरेलु झंझट के कारण धन का व्यर्थ व्यय, मास के आखिर में किसी योजना से मन में प्रसन्नता, मित्रों से प्रेम, माता-पिता को पीड़ा।

अगस्त—धन का व्यर्थ व्यय, शुभ कार्य करने होंगे, पर स्त्री पक्ष से कुछ चिंता होगी, काम काज सुधरेगा, सवारी का लाभ, शत्रुओं का नाश होगा, सुख और मान बढ़ेगा।

सितम्बर—इस मास में काम काज में मान बढ़ेगा, धन लाभ होगा, किसी प्रेमी से मिलाप, भाग्य उदय होगा, संतान की ओर से प्रसन्नता, मास के आखिर में मन में कुछ चिंता पैदा होगी। 5, 12 तथा 18 तारीक ठीक नहीं।

अक्तूबर—इस मास में लाभ की वृद्धि, स्वारी में सुख मान, लेन देन से लाभ, परन्तु किसी मित्र की ओर से विश्वासघात के कारण मन में दुःख होगा। अच्छे पुरुषों से मिलाप।

नवम्बर—धन का लाभ उत्तम रहेगा। शुभ कार्यों में मन लगेगा। शत्रु भय कम, मित्र लाभ अधिक स्वास्थ्य मध्यम। 3, 4, 12, 13, 22, 25 खराब।

दिसम्बर—स्वास्थ्य इस मास में ठीक नहीं रहेगा। यात्रा से लाभ कम होगा, मन में चिंता और धन अपव्यय अधिक, संतान पक्ष से कुछ चिंता, शत्रु विनाश।

जनवरी—इस मास का मध्य भाग अच्छा है, नई योजनाओं से सुख, काम काज सुधरेगा, स्त्री सुख अच्छा, स्वास्थ्य में सावधानी बरतें। चोट का भय।

फरवरी—यह मास अच्छा लाभ प्रद है। धन लाभ रहेगा और यात्रा में सुख लाभ, काम काज में वृद्धि, शत्रु भय कम, परिवार सुखी पर स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

मार्च—स्वास्थ्य में गरमी, घरेलू सुख अच्छा, लेन देन में लाभ, सम्बन्धियों से सुख, काम काज में वृद्धि, स्त्री तथा सन्तान सुख। 1, 2, 3, 11, 12 तथा 24 तारीक खराब।

वृष राशि का वार्षिक फल

वृष राशी वालों को लग्न का स्वामी शुक्र गोचर लग्न से बाहरवें घर में राहू के साथ बैठा है। शनि और मंगल में युति भेद है। दरबार का स्वामी शनि सातवें घर में है तथा बृहस्पति केन्द्र में पड़ा है। ग्याहरवें घर में सूर्य और बुध त्रिकोन को देख रहा है। शनि लग्न और केन्द्र को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है इस कारण वृष

राशि वालों को वर्ष का आखिरी भाग सुखमय होगा । मध्य वर्ष कुछ चिंता पूर्ण बना रहेगा । केन्द्र में गुरू होने से कारोबार में वृद्धि होगी । धन लाभ रहेगा । पर स्वास्थ्य बिगड़ेगा और चोट का भय रहेगा । स्त्री को खून की बीमारी पैदा होने से आप्रेशन का भय बना रहेगा । फलतः परिवार अशांत बना रहेगा । वर्षारम्भ में व्यर्थ धन का व्यय और काफी दौड़ धूप रहेगी परन्तु काम काज अच्छा बना रहेगा, शत्रु भय रहेगा और बिरादरी में असंतोष बाहरवें घर में शुक्र और राहू होने से धन के शुभ कार्यों में खर्च होगा । वर्ष के आखिर में किसी नई योजना से धन लाभ होगा । किसी सम्बन्धी की ओर से चिंता और बुरा समाचार मिलने का योग भी बनता है । माता पिता का सेहत बिगड़ेगा । स्त्री वर्ग के लिये यह वर्ष मध्यम फलदाई है । विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष उत्तम है । उन्हें विद्यालाभ मिलेगा वृष राशि वालों को इस वर्ष दूर की यात्रा नहीं करनी चाहिये । चोट का भय है । मंगलवार के दिन वैष्णव रहना चाहिये और इन्द्राक्षी का पाठ प्रति दिन करने चाहिये । सभव हो तो शुक्ल अष्टमी का व्रत रखें, उत्तम फलदायक होगा ।

वृष राशि वालों का मासिक फल

अप्रैल --इस मास में धन का उत्तम लाभ रहेगा । घरेलू सुख शांति बनी रहेगी । दरबार और सवारी का सुख मिलेगा । लेन देन में लाभ, सम्बन्धियों से कुछ नराजगी, गुप्त रूप से शत्रुओं का भय ।

मई - काम काज में लाभ, सुख शांति और दरबार में मान, शुभ कार्यों में मन लगेगा किसी नई योजना से धन लाभ, शत्रुओं से सतर्क रहें, यात्रा लाभ, स्त्री सुख मध्यम ।

जून—यह मास मध्यम फलदायक और धन का व्यय, खेती बाड़ी और लेन देन में कुछ लाभ, प्रत्येक काम विचार कर करें. यात्रा से हानि, किसी से अपमान का भय ।

जुलाई—इस मास में घरेलू सुख अच्छा रहेगा, परन्तु किसी अभियोग का भय रहेगा, धन लाभ मध्यम रहेगा, स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें । 1, 2, 10, 20 तारीक अशुभ हैं ।

अगस्त—कोई नया काम हाथ में न लें, कोई रूकावट पैदा होगी, गुप्त रूप से शत्रुओं का भय बना रहेगा, काम काज संतोषजनक रहेगा, सम्बन्धियों तथा अफसर से अपमान का भय, जायदाद की चिंता ।

सितम्बर—मास का पहला पक्ष लाभप्रद, मास के आखिर में कुछ चिंता और स्वास्थ्य ढीला, स्त्री पक्ष से चिंता, घरेलू कार्यों में धन का अधिक व्यय ।

अक्तूबर—स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय, किसी प्रेमी से नाराज़गी, यात्रा से परेशानी, अभियोग का भय, हर काम सोच समझ कर करें ।

नवम्बर—काम काज की हालत सुधर जायेगी और धन का लाभ उत्तम रहेगा, सवारी का सुख मिलेगा, शुभ कार्यों में धन व्यय, चोरी होने से सावधान रहें ।

दिसम्बर यात्रा से लाभ, धन लाभ मध्यम, लेन देन में लाभ कम, स्त्री पक्ष ढीला रहेगा, स्वास्थ्य में गरमी रहेगी, किसी से झगड़े की संभावना, शत्रुओं से सावधान रहें ।

जनवरी—सोच समझ कर काम करें, बने काम बिगड़ने का भय है, लेन देन में कम लाभ, मित्रों से कुछ लाभ और सुख शांति का योग है ।

फरवरी—शुभ कार्यों में धन का व्यय अच्छे आदमियों से सम्पर्क, मित्रों और सम्बन्धियों से लाभ, सन्तान का सुख शांति, बड़ों से सहायता ।

मार्च—यह मास आप को हर प्रकार से सुखदायक है, अचानक धन लाभ, पर शत्रुओं से सावधान रहें, बच्चों का सुख, वाहन सुख, किसी प्रेमी से मिलाप ।

मिथुन राशि का वार्षिक फल

मिथुन राशी वालों को गोचर चक्र में लग्न का स्वामी बुध केन्द्र में बृहस्पति त्रिकोण में पड़ा है । शनि मंगल के घर में और दरबार का स्वामी मंगल सातवें घर में है । सूर्य दसवें घर से केन्द्र को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है । इस कारण मिथुन राशी वालों को हरपाल योग बनता है । फलत इनके लिये यह वर्ष बहुत उत्तम फलदायक है । धन का अचानक लाभ और नई योजनाओं में धन लगेगा । भाग्य का उदय होना । कोई अभियोग हो तो विजय होगी । सम्बन्धियों से मेल-मिलाप होगा । कुछ चिंता बच्चों तथा स्त्री पक्ष की ओर रहेगी । स्त्री की सेहत कुछ ढीला रहेगा । वर्ष के प्रथम भाग में स्त्री के प्रति सावधान रहे, उसे जलने तथा चोट का भय है, कारोबारी व्यक्ति को सफेद और लाल वस्तुओं के व्यवसाय से अच्छा लाभ होगा । धर्म कार्यों के प्रति झुकाव रहेगा । वर्ष के अन्त में कुछ भूमि की चिंता रहेगी । सोच समझ कर काम करें और दूर की यात्रा न करें, किसी किसी सम्बन्धी के प्रति चिंता रहेगी । अप्रैल, अक्तूबर तथा जनवरी के मास में कुछ कठिनाई रहेगी । आप के लिये मंगलबार का व्रत शुभ फलदायक रहेगा । विद्यार्थी वर्ग के लिये यह वर्ष मध्यम फलदायक है । स्त्री वर्ग के लिये भी कुछ फलदायक नहीं, उन्हें रक्त रोग तथा आग से भय रहेगा ।

मिथुन राशि वालों का मासिक फल

अप्रेल—स्वास्थ्य ढीला, बीमारी का भय चोरों से हानि, गुप्त रूप से शत्रु भय, मित्रों तथा सम्बन्धियों से लाभ, काम काज में धन लाभ कम, यात्रा से भय, 12, 13, 23, 24 तारीक खराब।

मई—धन का व्यय अधिक, काम काज अच्छा, शुभ कार्यों में मन लगेगा, यात्रा से लाभ, स्त्री पक्ष से सुख, बच्चों से प्रसन्नता और लाभ।

जून—धन का लाभ उत्तम, काम काज अच्छा, सम्बन्धियों का सुख, वाहन सुख, शत्रु भय तथा घरेलू चिंता।

जुलाई—काम काज अच्छा, धन लाभ, लेन देन में लाभ, मित्रों से मेल जोल तथा मान, मास के मध्य में कुछ घरेलू चिंता, सम्बन्धियों के प्रति चिंता।

अगस्त-नये काम की योजना, वाहन का सुख, अच्छे पुरुषों से मेल जोल, धर्म कार्यों के प्रति झुकाव, बड़ों से लाभ, स्त्री पक्ष से सुख।

सितम्बर—नये कारोबार में वृद्धि, महापुरुषों से मेल मिलाप, कुछ घरेलू परेशानियां, यात्रा में भय. 5, 6, 14, 15 तथा 27 तारीक बुरे हैं।

अक्तूबर—मित्रो तथा सम्बन्धियों से लाभ की आशा, काम काज की हालत कुछ सुधर जायेगी पर शत्रुओं का भय रहेगा। यात्रा से दूर रहें।

नवम्बर—इस मास का प्रथम भाग उत्तम रहेगा। मास के दूसरे भाग में शत्रु भय रहेगा। धन का व्यर्थ व्यय होगा। मित्रों से सहयोग और धन लाभ।

दिसम्बर - यात्रा से लाभ और काम काज की हालत अच्छी रहेगी । स्त्री पक्ष से सुख । वाहन का सुख । संतान पक्ष से प्रसन्नता और संतोष ।

जनवरी स्वास्थ्य अचानक खराब होगा । संतान पक्ष की ओर से कुछ चिंता । ऋण लेने से बचें, झगड़ों से दूर रहें, यात्रा से लाभ कम, काम काज मध्यम रहेगा ।

फरवरी —यह मास भी मध्यम फलदायक है. परन्तु सेहत में सुधार होगा, काम-काज में भी सुधार होगा, यात्रा लाभ और वाहन सुख मिलेगा ।

मार्च --काम काज अच्छा रहेगा. लेन देन से लाभ, स्त्री पक्ष शांति प्रद, धन लाभ, सम्बन्धियों से सुख मान, 7, 15, 24, 25 तारीक अशुभ हैं ।

कर्क राशि वालों के लिए वार्षिक फल

कर्क राशी वालों को गोचर चक्र में शनि पांचवें भाव अर्थात् त्रिकोण में सूर्य और बुध को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है । दरबार का स्वामी मंगल बृहस्पति के घर में और बृहस्पति केन्द्र में पड़ा है । मंगल लग्न को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है । इस कारण कर्क लग्न वालों को इस वर्ष का पहला भाग शुभ फलदायक और दूसरा भाग कुछ चिन्ता पूर्ण होगा । कर्क राशी वालों के लिए यह वर्ष मध्यम फलदायक है । वर्ष के पहले छः महीनों में दरबार में उत्तम वृद्धि होगी और नई योजनाओं में धन लाभ और मान प्राप्त होगा । शुभ कार्यों में धन व्यय होगा परन्तु माता पिता के स्वास्थ्य में ढीलापन आएगा । वर्ष के मध्य में स्वास्थ्य में गर्मी तथा रक्त तथा पेशाब में कुछ खराबी पैदा होगी और गृहस्थ का सुख अच्छा नही रहेगा । शत्रु भय कम रहेगा । धर्म कार्यों में कुछ

रुकावट आएगी । किसी सम्बन्धी से अनिष्ट और अभियोग का भय है । कर्क राशी वालों को दूर की यात्रा सोच विचार कर करनी चाहिए । चोर और हानि का भय है । भूमि विषयक कार्य लाभप्रद होंगे और मित्र लाभ होगा । किसी सम्बन्धी की चिन्ता सारे वर्ष बनी रहेगी । वर्ष के दूसरे भाग में धन का व्यय अधिक रहेगा । यह भाग चिन्ता पूर्ण रहेगा । सूझबूझ से काम करना चाहिए । कर्क राशि वालों को प्रति दिन महा गायत्री का पाठ करना शुभ फलदायक होगा । स्त्री वर्ग के लिए यए वर्ष अति उत्तम है । विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष मध्यम फलदायक है । उनको चाहिए कि वह शनिवार को वैष्णव रहे ।

कर्क राशि वालों के लिए मासिक फल

अप्रैल—कर्क राशी वालों के लिए यह मास मध्यम फलदायक होगा । शत्रुओं का भय कम । दरबार में मान । वाहन का सुख मित्रों से सुख । नये काम की योजना परन्तु सेहत कमजोर ।

मई—काम-काज में अनायास लाभ मान बढ़ेगा लेन-देन लाभ-प्रद । गृहस्थ से सुख घरेलू तथा धर्म कार्यों में धन का व्यय । यात्रा से दूर रहे ।

जून—इस मास में काम-काज और दरबार में वृद्धि होगी, सेहत ढीला यात्रा करने से बचें । चोट का भय है । हर काम सोच समझ कर करें ।

जुलाई यह मास गत मास से अधिक अच्छा स्वास्थ्य का भी सुधार होगा । परन्तु धन का व्यय होगा । कोई शुभ कार्य करना होगा । दरबार में सुख, स्त्री पक्ष से सुख मिलेगा ।

अगस्त—मित्रों से कुछ नाराजगी होगी किसी से झगड़ा धन का व्यय । काम-काज उत्तम, धन लाभ, वाहन सुख मास के अन्त में किसी सम्बन्धी की चिन्ता ।

सितम्बर—स्वास्थ्य ढीला रहेगा, रक्त की खराबी। मित्रों से अनबन। काम-काज मध्यम, गुप्त रूप से शत्रु भय, चोरी की सम्भावना, घरेलू चिन्ता।

अक्तूबर दरबार संतोषप्रद, काम-काज में लाभ। वाहन सुख, दूर की यात्रा न करें। गृहस्थ का सुख परन्तु बच्चों की ओर से चिन्ता।

नवम्बर यह मास बहुत उत्तम रहेगा। शुभ कार्यों की ओर रुचि, नये काम की योजना में धन व्यय होगा। मित्रों से सुख, यात्रा में लाभ होगा, मान बढ़ेगा।

दिसम्बर -- यह मास कुछ मध्यम फलदायक है। दरबार अच्छा रहेगा और वाहन सुख परन्तु सेहत कुछ ढीला रहेगा। गृहस्थी का सुख प्राप्त होगा, शुभ कार्यों में धन व्यय।

जनवरी—इस मास में प्रत्येक काम सोच समझ कर करें। गुप्त रूप से शत्रु का भय रहेगा, मन चिन्तत रहेगा, सम्बन्धियों से अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।

फरवरी—यह मास भी मध्यम फलदायक है परिवार से सुख लाभ होगा, नये काम की योजना में धन का व्यय और मास के आखीर में अनायास धन लाभ होगा।

मार्च —घरबार की हालत कुछ ढीली मित्रों से झगड़ा, व्यर्थ व्यय होगा। स्त्री पक्ष तथा सन्तान की ओर से सुख, मास के आखीर में यात्रा से धन लाभ और काम-काज सुधरेगा।

सिंह राशि वालों के लिए वार्षिक फल

सिंह राशी वालों के गोचर चक्र में चन्द्रमा और वृहस्पति का पूर्ण दृष्टि योग बनता है। चौथे घर में शनि दरबार के घर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है। आठवें घर में सूर्य और वुध दूसरे घर को देख रहा है, शनि की

ढाइया इस वर्ष पूरी रहेगी, राहू का प्रभाव भी इस वर्ष बना रहेगा। सातवें घर में गुरु के प्रभाव से दरबार और बिरादरी के लिए एक मिला-जुला योग बनता है। इस कारण सिंह राशी वालों को यह वर्ष हर प्रकार से लाभप्रद है। वाहन सुख मिलेगा, उद्योग धन्धों में धन का व्यय होगा, वर्ष के आरम्भ में मन में कुचंचलता रहेगी। कुछ दौड़ धूप और गृहस्थ की चिन्ता भी रहेगी, किसी मित्र अथवा सम्बन्धी से नराजगी होगी, स्वास्थ्य पेशाब में गर्मी तथा जोड़ों में दर्द के कारण कुछ ढीला रहेगा। सन्तान तथा स्त्री पक्ष से यह वर्ष मध्यम फल दायक है। सिंह राशी वालों को इस वर्ष दूर की यात्रा नहीं करनी चाहिए। व्यर्थ धन का व्यय होगा, अभियोग में सफलता रहेगी। जनवरी के बाद प्रत्येक कार्य में सफलता और सुख प्राप्त होगा। धन का उत्तम योग है और मन की कामनायें पूर्ण होगी, सिंह राशी वालों को इस वर्ष संक्राति ब्रत रखना लाभदायक होगा। स्त्रियों के लिए यह वर्ष उत्तम फलदायक है, उन्हें हर काम में सफलता होगी, विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष मध्यम फलदायक है, उनके लिए इन्द्रक्षी का पाठ करना आवश्यक है, शुभ फल प्राप्त होगा।

सिंह राशि वालों के लिए मासिक फल

अप्रैल – धन का लाभ, वाहन सुख, किसी प्रेमी से मिलाप, कारोबार की हालत अच्छी, सम्बन्धियों से सुख। नये काम का विचार, यात्रा से लाभ, शुभ कार्य में धन का व्यय।

मई — काम-काज ठीक, गृहस्थ का सुख मध्यम, कुछ चिन्ता बनी रहेगी मन अशान्त। लेन-देन में लाभ, स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

जून – धन लाभ, उद्योग धन्धों में धन व्यय, भूमि लाभ, मित्रों तथा सम्बन्धियों से सुख । काम-काज अच्छा रहेगा पर स्त्री पक्ष से कुछ चिन्ता ।

जुलाई—इस मास में प्रत्येक काम में सफलता और सुख प्राप्ति होगी, मान बढ़ेगा, मित्रों से सुख, यात्रा में लाभ स्त्री तथा संतान की ओर से प्रसन्न चित, समाज में मान बढ़ेगा ।

अगस्त—घरेलू सुख शांति संतान तथा स्त्री पक्ष से संतोष, शुभ कार्यों के प्रति मन लगेगा, किसी अच्छे पुरुष से धन लाभ, यात्रा सुख, स्वास्थ्य अच्छा ।

सितम्बर—दरबार अच्छा, समाज में मान, अनायास धन लाभ, शत्रु नष्ट काम-काज उत्तम, परिवार में सुख शांति 1-2-8-9 तथा 20 तारीक कुछ खराब ।

अक्तूबर—काम-काज ठीक रहेगा पर मन में कुछ अशांति पैदा होगी, कारोबार के प्रति लगाव रहेगा और मान अच्छा होगा, मित्रों से नराज़गी ।

नवम्बर—इस मास का आख़िरी भाग आपके लिए ठीक रहेगा, काम-काज मध्यम रहेगा, गृहस्थ की हालत सन्तोष जनक नहीं रहेगी, शत्रुओं का भय और किसी से अपमान की सम्भावना ।

दिसम्बर—इस मास का फल भी मध्यम रहेगा और काम-काज ढीला, यात्रा करनी हो तो सावधान रहें और प्रत्येक काम सोच समझ कर करें ।

जनवरी—काम-काज की हालत सुधर जायेगी, सम्बन्धियों तथा मित्रों से प्रेम, स्त्री तथा वाहन का सुख प्राप्त होगा, पर सेहत कुछ ढ़ीला रहेगा और धन का व्यय रहेगा ।

फरवरी—यह मास कम फलदायक है। काम सोच समझ कर करें, हो सके यात्रा टाल दें। धन का व्यर्थ व्यय रहेगा परिवार का सुख कम। गुप्त रूप से शत्रु भय

मार्च—मास का पहला भाग कम फलदायक, मास के दूसरे पक्ष में मनोकामनायें पूर्ण, गृहस्थी का खर्च बढ़ जाएगा। किसी सम्बन्धी से अनबन होने पर मन अशांत।

कन्या राशि वालों के लिए वार्षिक फल

इस वर्ष कन्या राशि वालों के गोचर चक्र में लग्न का स्वामी बुध सूर्य के साथ केन्द्र में वड़ा है। आठवें घर में शुक्र के साथ राहू का योग है। बृहस्पति दरबार और दूसरे घर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, शनि वर्ष राशि को तीसरी दृष्टि से देख रहा है। कन्या राशि वालों को इस वर्ष शनि तांबे के पाये पर है इसलिए इनके लिए इस वर्ष के प्रथम भाग बहुत उत्तम है। काम-काज में वृद्धि। विद्या में वृद्धि। मित्रों और सम्बन्धियों से मेल-मिलाप और यात्रा से लाभ। यदि भूमि विषय कोई काम करना हो तो वर्ष के प्रथम भाग में अक्तूबर 15 तक करें। माता-पिता के लिए यह वर्ष मध्यम फलदायक है। घरेलू सुख कुछ सन्तोष जनक न रहेगा। यात्रा अधिक दूर नहीं करनी चाहिए और चोर से सावधान रहें। अक्तूबर तक धन का लाभ और नई योजना में सफलता अक्तूबर बाद सेहत के प्रति विशेष ध्यान रखें और शत्रुओं से सावधान रहें। छटे भाव में गुरु के पड़ने से पेशाब में गरमी तथा हड्डियों में दर्द की संभावना है। स्त्री वर्ग के लिए यह वर्ष संतोष जनक है। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष शुभ है उन्हें विद्या में सफलता प्राप्त होगी। कन्या राशि वालों को अष्टमी का व्रत तथा मगल के के दिन वैष्णव रहना चाहिए।

कन्या राशि वालों का मासिक फल

अप्रैल—धन लाभ उत्तम, लेन-देन सन्तोष जनक, वाहन सुख, कुछ शत्रु भय रहेगा। और धन का खर्च रहेगा, यात्रा से कम लाभ मन चंचल।

मई—नये काम की योजना, सुख लाभ और मान वृद्धि, स्त्री तथा सन्तान की ओर से सुख, यात्रा से कुछ हानि, चोट से सावधान रहें।

जून—उद्योग-धन्धों में धन का अव्यय, भूमि सुख, वाहन सुख, काम-काज अच्छा, विद्या लाभ, यात्रा से लाभ, परिवार सुख सन्तोषप्रद।

जुलाई—इस मास में कन्या राशि वालों को अधिक दौड़-धूप होगी, मन कुछ चंचल रहेगा। यात्रा से लाभ, गुप्त रूप से शत्रु भय, अपमान से सम्भावना, संतान तथा स्त्री का सुख लाभ।

अगस्त—गृहस्थी में सुख शान्ति, लेन-देन में लाभ, काम-काज अच्छा, मित्रों तथा सम्बन्धियों से सुख, स्वभाव में कुछ तेजी आयेगी। 7, 8, 16, 17 तथा 25 तारीख अशुभ।

सितम्बर—धन का व्यय अधिक, किसी से झगड़ा, लेन देन में कम लाभ, मन में कुछ अशान्ति। परिवार का सुख, स्त्री पक्ष ढीला, चोट का भय, परिश्रम अधिक करना होगा।

अक्तूबर—यह मास गत मास की अपेक्षा अच्छा रहेगा। काम-काज में वृद्धि, दरबार में मान, सम्बन्धियों से कुछ बिगाड़ रहेगा।

नवम्बर—यह मास भी कुछ अच्छा रहेगा, दरबार में मान रहेगा, स्त्री पक्ष से सुख, शत्रु भय कम, यात्रा से लाभ परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

दिसम्बर —धन लाभ, मान अच्छा, स्वास्थ्य में कुछ सुधार होगा, काम-काज ठीक रहेगा पर धन का व्यय अधिक रहेगा, यात्रा में सावधान रहें।

जनवरी —यह मास मध्यम फलदायक है। काम-काज अच्छा रहेगा, किसी महापुरुष से मिलाप, संतान सुख, परन्तु स्वास्थ्य ढीला रहेगा।

फरवरी—गत मास की अपेक्षा यह मास अधिक लाभप्रद होगा। लेन-देन में लाभ, मन में प्रसन्नता रहेगी, अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें।

मार्च घरेलू सुख शान्ति बनी रहेगी, काम-काज अच्छा रहेगा, शत्रु भय कम, स्त्री पक्ष से सुख, किसी सम्बन्धी से नाराजगी, दूर यात्रा न करें, चोट का भय है।

तुला राशि वालों के लिए वार्षिक फल

तुला राशि वालों को गोचर चक्र में लग्न का स्वामी शुक्र सातवें घर में राहू के साथ पड़ा है दूसरे घर में शनि वक्री होकर आठवें घर को तीव्र दृष्टि से देख रहा है। चन्द्रमा लग्न में केतू के साथ वेद करता है। वृहस्पति त्रिकोण में नवें घर को देख रहा है। इस वर्ष तुला राशि वालों को साढ़साती का प्रभाव दिसम्बर से लाभप्रद रहेगा, तब तक शनि का प्रभाव कर्त्री भेद में है। इस कारण तुला राशि वालों को इस वर्ष का प्रथम भाग कुछ अच्छा नहीं। कारोबार में कुछ अटकाव, सेहत में गर्मी, कुछ अभियोग का भय लगा रहेगा, मित्र वर्ग से नाराजगी और गुप्त रूप से शत्रु भय बना रहेगा, यदि यात्रा करें तो व्यर्थ होगी, किसी प्रेमी से विश्वासघात होगा।

स्त्री का स्वास्थ्य ढीला रहेगा, आलस्य का प्रभाव अधिक रहेगा । वर्ष के दूसरे भाग में काम-काज में कुछ परिवर्तन होगा और सम्बन्धियों से सुख प्राप्त होगा । राज्य दरबार में मान होगा और यात्रा से लाभ प्राप्त होगा परन्तु सितम्बर तक स्वास्थ्य में गरमी रहेगी, आमाश्य में पीड़ा, स्त्री को खून की कमी और मन चंचल रहेगा । विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष लाभप्रद है, उन्हें विद्या लाभ उत्तम होगा । स्त्री वर्ग के लिए यह वर्ष फलदायक है । प्रायः हड्डियों की कमज़ोरी रहेगी और आलस्य बना रहेगा, तुला राशि वालों को इन्द्राक्षी का पाठ प्रतिदिन करना और शुक्ल अष्टमी का वृत शुभ फलदायक रहेगा । कुत्तों को तेल की रोटियाँ डालनी चाहिए ।

तुला राशि वालों के लिए मासिक फल

अप्रैल —कुछ मात्रा में धन लाभ, वाहन सुख, यात्रा का विचार आयेगा, पर विशेष लाभदायक न रहेगा, स्त्री का सुख, सम्बन्धियों से मेल-मिलाप पर गुप्त रूप से शत्रु भय रहेगा ।

मई—कारोबार में चिन्ता, अधिक दौड़-धूप, व्यर्थ व्यय, स्त्री को पीड़ा तथा बच्चों की ओर से चिन्ता, किसी नये काम का विचार आयेगा, कोई शुभ समाचार से तनिक प्रसन्नता ।

जून —प्रायः प्रत्येक काम में सफलता, मित्रों तथा सम्बन्धियों से प्रसन्नता, वाहन का सुख, यात्रा से लाभ, धन प्राप्ति, धन का व्यय अधिक रहेगा, स्त्री से सुख मिले ।

जुलाई —इस मास का पहला पक्ष अति उत्तम रहेगा, राज्य दरबार से सुख और मान, नये काम से लाभ, लेन-देन में लाभ, संतान सुख, मास के दूसरे पक्ष में मन में कुछ चिन्ता बनी रहेगी ।

अगस्त –काम-काज मध्ययम, कोई नया काम हाथ में न लें, रुकावटें पैदा होंगी, किसी सम्बन्धी से झगड़ा, बड़ों की ओर से नाराज़गी, स्त्री पक्ष सुखदायक ।

सितम्बर —गृहस्थ का सुख उत्तम, परन्तु सेहत ढीली रहेगी और चोरी का भय भी बना रहेगा, और मन में चिन्ता पैदा होगी, धन लाभ कुछ मध्यम रहेगा।

अक्तूबर —किसी व्यक्ति से झगड़ा, मन चिन्तित रहेगा और चंचलता पैदा होगी, स्वास्थ्य भी ढीला रहेगा और धन का व्यय अधिक होगा, परन्तु मास के आखिर में कुछ लाभ प्राप्त होगा।

नवम्बर—यह मास भी मध्यम फलदायक है, धन का व्यर्थ व्यय, गृहस्थ की चिन्ता, गुप्त रूप से शत्रु भय, मास के अन्त में काम-काज अच्छा, अच्छे पुरुषों से सम्पर्क और लाभ, संतान सुख।

दिसम्बर—काम-काज अच्छा, स्त्री का सुख, मान उत्तम, शुभ कार्यों की ओर रुचि पर स्वास्थ्य में तनिक गर्मी रहेगी, सन्तान सुख यात्रा से लाभ होगा।

जनवरी - किसी व्यक्ति से झगड़ा होने से मन में चंचलता, यात्रा से लाभ कम, अभियोग का भय। प्रत्येक काम सोच कर करें, स्वास्थ्य में गर्मी रहेगी।

फरवरी - यात्रा से लाभ होगा, काम-काज की हालत अच्छी रहेगी, मान बढ़ेगा, परन्तु गृहस्थ का सुख मध्यम रहेगा, गुप्त रूप से शत्रु भय, पेशाब में कुछ गर्मी रहेगी।

मार्च—स्वास्थ्य ढीला बना रहेगा और धन का व्यय होगा, काम-काज मध्यम रहेगा, लेन-देन में लाभ कम, स्त्री पक्ष कमज़ोर सम्बन्धियों में मेलमिलाप, यात्रा सुख।

वृश्चक राशी वालों का वार्षिक फल

वृश्चक राशी वालों को गोचर चक्र में लग्न में शनि चन्द्रमा के साथ सातवें घर को पूरी दृष्टि से देख रहा है, चौथे केन्द्र में वृहस्पति दसवें घर को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, लग्न का स्वामी मंगल

को देखता है, वर्ष के मध्य भाग में शनि वक्री रूप में रहेगा। जिससे कुछ परेशानियां पैदा होंगी। वृश्चक राशी वालों को इस वर्ष का पहला और आखिरी भाग अच्छा फलदायक रहेगा। धन का लाभ उत्तम होगा, उद्योग-धन्धों में धन का व्यय होगा, वर्ष के मध्य में अनायास स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी अमाशय और आंखों में पीड़ा पैदा होगी। किसी व्यक्ति से झगड़ा होगा और अभियोग का भी भय रहेगा इस राशी वालों को इस वर्ष सेहत के प्रति विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रत्येक कार्य सावधानी से करना चाहिए नहीं तो अनिष्ट की सम्भावना है। स्त्री पक्ष में यह वर्ष अच्छा रहेगा, यदि कोई उद्योग धन्धा करना हो तो अप्रैल से जुलाई तक करें। यदि यात्रा करनी हो तो वर्ष के आखिर में करें, लाभ होगा। इस वर्ष घरेलू सुख कुछ मध्यम रहेगा, सम्बन्धियों की ओर से चिन्ता बनी रहेगी, बृहस्पति के प्रभाव से इस वर्ष कुछ मंगल कार्य भी होंगे, सन्तान सुख मिलेगा। स्त्री वर्ग के लिए यह वर्ष कम फलदायक है : उन्हें रक्त और हड्डियों में शिकायत रहेगी, आंखें भी कुछ पीड़ित रहेंगी, विद्यार्थी वर्ग के लिए यह वर्ष अच्छा फलदायक है, उन्हें विद्या लाभ होगा। वृश्चक राशी वालों को इस वर्ष श्री गणेश जी की पूजा करनी चाहिए। सम्भव हो तो मंगलवार के दिन मीठा भोजन करें।

वृश्चक राशि वालों के लिए मासिक फल

अप्रैल—धन का लाभ, वाहन का सुख, शुभ कार्यों में धन व्यय, लेन-देन में लाभ, काम-काज में मान। गुप्त रूप से शत्रु भय, मित्रो से झगड़ा।

मई—यात्रा से दूर रहें, शत्रु भय से मन में चिन्ना, वाहन सुख कम, काम-काज मध्यम, धन का व्यय रहेगा और स्वभाव कुछ तेज रहेगा।

जून—गत मास की अपेक्षा काम-काज में उन्नति होगी, धन का व्यय अधिक बना रहेगा और स्वास्थ्य ढीला रहेगा। संतान सुख, किसी अच्छे पुरुष से मिलाप, स्त्री को सुख प्राप्त होगा।

जुलाई—स्वास्थ्य में सुधार आएगा, राज्य दरबार में सुख मान, धन लाभ, शुभ कार्यों के प्रति रुचि। सन्तान तथा स्त्री से भी सुख, खेती लाभ, घरेलू सुख।

अगस्त—धन का व्यय अधिक रहेगा, किसी व्यक्ति से झगड़ा होगा और मन में चिन्ता पैदा होगी। गुप्त रूप से शत्रुओं का भय है, प्रत्येक काम सूझबूझ से करें।

सितम्बर—कारोबार में सुधार आयेगा, वाहन का सुख होगा, राज्य दरवार में अनायास सुख मान, संतान की ओर से कुछ चिंता, स्त्री सुख कम, शत्रु भय कम होगा।

अक्तूबर—यह मास अच्छा फलदायक है, प्रायः प्रत्येक काम में धन लाभ होगा, मित्र वर्ग से धर्म के कार्यों में धनव्यय होगा, यात्रा दूर की न करें, भय रहेगा।

नवम्बर—धन का व्यय अधिक स्वभाव में कुछ तेज़ी आयेगी, घरेलू हालत में कुछ परिवर्तन आयेगा, यात्रा में भय रहेगा, मित्रों से लाभ, पर स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

दिसम्बर—परिवार में सुख शांति बनी रहेगी, स्त्री पक्ष से अच्छा सुख प्राप्त होगा, संतान की ओर से प्रसन्नता, किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलाप, बड़ों का सहयोग, पर स्वास्थ्य ढीला।

जनवरी—धन का कुछ लाभ, मित्रों से मेल मिलाप, घरेलू सुख, यात्रा से लाभ होगा, शुभ कार्यों में धन व्यय, कारोबार की हालत सुधर जायेगी।

फरवरी—स्वास्थ्य ढीला रहेगा और धन का अपव्यय, स्वभाव में तेज़ी आयेगी, काम काज कुछ मध्यम रहेगा, शत्रुओं का भय बना रहेगा, स्त्री पक्ष से सुख प्राप्त होगा।

मार्च—काम काज की हालत सुधर जायेगी, शुभ कार्यों के प्रति रुचि, बड़ों से लाभ प्राप्त होगा, स्त्री पक्ष से सुख लाभ, शत्रु भय जाता रहेगा, विद्या लाभ होगा बच्चों के प्रति कुछ चिंता रहेगी।

धन राशि वालों के लिए वार्षिक फल

धन राशी वालों को इस वर्ष के गोचर चक्र के लग्न का स्वामी बृहस्पति तीसरे घर में पड़ा है, जो ग्याहरवें घर को देख रहा है, बारहवें घर में शनि बक्री रूप में पड़ा है, सूर्य और बुध केन्द्र में तथा शुक्र और राहू त्रिकोण में पड़े हैं, लग्न में मंगल चन्द्रमा के साथ होकर एक प्रकार का मिश्रित योग बनता है। अत: धन राशी वालों को इस वर्ष का प्रथम भाग कुछ अच्छा नहीं। स्वास्थ्य में बिगाड़ और दिमागी परेशानियां अधिक और यादाश्त कम वना रहेगा। पेशाब और रक्त तथा आमाशय में गड़बड़ रहेगा, किसी सम्बन्धी से विश्वासघात होगा, धन का अपव्यय रहेगा, वर्ष के प्रथम भाग में यात्रा न करें, चोट का भय है, मित्रों से सुख और लाभ पहुंचेगा, गृहस्त सुख सितम्बर तक कुछ कम रहेगा। वर्ष के दूसरे भाग में उद्योग धन्धों में धन का व्यय होगा, घरेलू सुख और भूमि लाभ प्राप्त होगा, काम काज भी अच्छा रहेगा, यात्रा से लाभ और वाहन सुख, धन राशी वालों को इस वर्ष किसी अभियोग में उलझने का भी भय है। गुप्त रूप से शत्रुओं का भय बना रहेगा, स्त्री वर्ग के लिये यह वर्ष कठिन समस्याओं का वर्ष है, उन्हें प्राय: रक्त पीड़ा, हड्डियों में दर्द रहेगा और आलस्य बना रहेगा, विद्यार्थी वर्ग के लिये यह वर्ष मध्यम फलदायी है, धन राशी वालों को इस साल साढ़सती का अधिक प्रभाव रहेगा, जिससे

प्राय: मन चंचल रहेगा और परिवार सुख अस्थिर, धन राशी वालों को इस वर्ष अमावसी का व्रत रखना चाहिये और गुरुवार के दिन गाय को रोटी खिलाना चाहिये ।

धनराशि वालों के लिए मासिक फल

अप्रैल—धन का व्यय अधिक, काम काज रुका रहेगा, मित्रों से लाभ, सवारी का सुख, स्वास्थ्य ढीला रहेगा, मास के आखिर में काम काज कुछ सुधरेगा ।

मई—काम काज कुछ अच्छा रहेगा और नये काम की योजना बनेगी । स्त्री सुख और संतान की ओर से प्रसन्नता । स्वास्थ्य ढीला रहेगा, शुभ कार्यों में धन का व्यय ।

जून—नये काम की योजना, मित्रों से लाभ तथा मेल मिलाप, राज्य दरबार में मान, यात्रा से कुछ लाभ, मन में प्रसन्नता का योग, चोरों से सावधान रहें ।

जुलाई—प्रत्येक काम में लाभ, नये काम का विचार, उद्योग-धन्धों के प्रति मन का झुकाव, संतान के प्रति चिंता, शत्रुओं का भय, चोट का भय ।

अगस्त—भूमि सुख, धर्म कार्यों के प्रति रुचि, वाहन सुख, काम काज अच्छा रहेगा पर स्वास्थ्य ढीला रहेगा, मन चिंतित, अच्छे पुरुषों से संपर्क ।

सितम्बर—गृहस्थी में सुधार, धन लाभ कम, काम काज मध्यम, यात्रा से कुछ लाभ पर शत्रु भय बना रहेगा और शरीर ढीला रहेगा ।

अक्तूबर—कारोबार अच्छा, धन का व्यय कम, पड़ौसियों से प्रेम बढ़ेगा, स्त्री पक्ष से सुख, परिवार सुख, परन्तु मित्रों से कुछ झगड़ा रहेगा ।

नवम्बर —काम अच्छा रहेगा, स्वास्थ्य में सुधार आयेगा, वाहन का सुख, विद्या में वृद्धि, यात्रा से लाभ और अच्छे , पुरुषों से सम्पर्क, धन का लाभ ।

दिसम्बर -शत्रु नष्ट होंगे, वाहन का सुख होगा, राज दरबार में मान, शुभ कार्यों की ओर रुचि, स्त्री पक्ष से सुख, कोई नया काम हाथ में आयेगा ।

जनवरी —इस मांस का प्रथम भाग बुरा, यात्रा से दूर रहें, चोट का भय रहेगा, स्वभाव में तेज़ी आयेगी, मन चंचल रहेगी, मास के दूसरा भाग लाभप्रद होगा, कोई प्रसन्नता का समाचार मिलेगा ।

फरवरी —धर्म के कार्यों में रुचि रहेगी, परिवार में सुख शांति रहेगी, शुभ कार्यों में धन का व्यय, संतान पक्ष से सुख, मान बढ़ेगा, किसी सम्बन्धी की चिंता ।

मार्च —बरादरी में मान बढ़ेगा, धर्म के कार्यों में धन व्यय होगा, भाग्य का उदय होगा, मास का आखिरी भाग अच्छा नहीं, स्वास्थ्य ढीला होगा, यात्रा न करें ।

मकर राशि वालों के लिये वार्षिक फल

इस वर्ष मकर राशी वालों के गोचर चक्र में लग्न का स्वामी शनी मंगल के घर में है और त्रिकोण में पड़ा लग्न को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है, राँहू के साथ पड़ा शुक्र दरबार को देख रहा है, मंगल बारहवें घर में, तीसरा सूर्य और बुध सातवें घर को देख रहा हैं, शनी वर्ष के मध्य में वक्री हो रहा है, इस कारण मकर राशी वालों के लिये यह वर्ष प्रायः उत्तम फलदायक है, राज्य दरबार में मान बढ़ेगा और वाहन का सुख प्राप्त होगा ।

नये सम्पर्क बढ़ेंगे और उद्योग धन्धों में धन का व्यय होगा। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा, परन्तु भाइयों को कष्ट का मामना होगा। वर्ष के मध्य में सेहत बिगड़ने का भय है और चोट लगने ला भी भय है, मकर राशी वालों को मंगल बाहरवें होने से स्त्री पक्ष कमजोर रहेगा और वच्चों की ओर से चिंता बनी रहेगी। जुलाई से लेकर अक्तूबर का समय परेशानी का समय रहेगा और शत्रु का भय अधिक रहेगा। अक्तूबर से वर्ष के आखिर तक लेन देन का लाभ अच्छा रहेगा और धन लाभ होगा और यात्रा में सुख प्राप्त होगा किसी से नई मैत्री होगी। दूसरे घर में गुरु के होने से धर्म के कार्यो में अधिक रुचि तथा लाभ होगा। वर्ष के मध्य में किसी सम्बन्धी का मृत्यु योग बनता है, जुलाई, नवम्बर तथा मार्च के महीने कुछ अच्छे नहीं, विद्यार्थी वर्ग के लिये यह वर्ष उत्तम है, उन्हें विद्या में वृद्धि होगी, स्त्री वर्ग के लिये यह वर्ष मध्यम फलदायक है। वह प्रायः दिल की बीमारी तथा रक्त की कमी के कारण पीड़ित रहेंगी। मकर राशी वालों को इस वर्ष मंगलवार का व्रत रखना चाहिये तथा भगवान शंकर पर प्रतिदिन जल छढ़ाना चाहिये। बुधवार के दिन पीले चावल जानवरों को डालना शुभ फलदायक होगा।

मकर राशि वालों का मासिक फल

अप्रैल— धन का व्यय अधिक धर्म के कार्यों में कुछ रुकावट काम काज की हालत कुछ मध्यम स्वास्थ्य ढीला यात्रा से हानि सम्बन्धियों से सुख लाभ।

मई— स्वास्थ्य ढीला, आंखों में पीड़ा किस से झगड़ा, कारोबार की हालत मध्यम, धन का मध्यम लाभ, यात्रा न करें चोट का भय है। किसी प्रेमी से मिलाप, वाहन सुख।

जून -धन लाभ उत्तम, नये काम का विचार, काम काज में वृद्धि, तथा मान, स्वास्थ्य सुधर जायेगा, स्त्री पक्ष से लाभ मानसिक सुख शत्रु भय कम ।

जुलाई—विद्या का लाभ, सेवकों से सुख, कुछ सन्तान पक्ष से चिन्ता, यात्रा विचार, धन का अपव्यय, सम्बन्धियों से सुख लाभ, काम काज अच्छा रहेगा ।

अगस्त -- धन का लाभ होगा पर किसी व्यक्ति से झगड़ा होगा, बिरादरी में नार जगी, अधूराकाम पूरा होगा । मास के आखीर में किसी से विश्वास घात, स्वास्थ्य ढीला रहेगा ।

सितम्बर –यह मास हर प्रकार से अच्छा है । काम काज में वृद्धि होगी, भाग्य का उदय होगा । वाहन सुख, शत्रु कमज़ोर, स्त्री पक्ष ढीला रहेगा और व्यय अधिक होगा ।

अक्तूबर —किसी शुभ समाचार की सम्भावना, लेन देन में लाभ काम काज अच्छा रहेगा, बिरादरी का सुख, यात्रा से लाभ, स्त्री सुख प्राप्त होगा, मित्रों तथा सम्बन्धियों से प्यार ।

नवम्बर—धर्म के कार्यों में रुचि, कारोबार अच्छा, शुभविचार, स्त्री तथा संतान का सुख मध्यम रहेगा, यात्रा से लाभ होगा, कुछ शत्रुभय ।

दिसम्बर —यह मास मध्यम फलदायक है, काम काज में न्यूनता आयेगी, कोई चिन्ता बनी रहेगी, शत्रु का भय भी रहेगा, स्वास्थ्य ढीला, मित्रों से सुख लाभ बड़ों से सहानुभूति होगी ।

जनवरी —बड़ों से लाभ, काम काज अच्छा रहेगा, धन का लाभ होगा पर संतान पक्ष से चिन्ता रहेगी, यात्रा से लाभ होगा, मन में प्रसन्नता का योग है ।

फरवरी—अधिक यात्रा करने से बच कर रहें, स्वास्थ्य में कुछ गरमी पैदा होगी, किसी सम्बन्धी की चिंता बनी रहेगी, किसी प्रेमी से अनबन, घरेलू दायत्व में बढ़ौती होगी ।

मार्च—परिवार में अशांति, बिरादरी से नाराज़गी, मन में चिंता तथा आलस्य पैदा होगा, मास के अन्त में अनायास कुछ लाभ प्राप्त होगा, स्वभाव तेज़ रहेगा ।

कुम्भ राशि वालों का वार्षिक फल

